नुबुव्वत में से केवल शुभ सूचनाएँ बाकी रह गई हैं।

अबू हुरैरा- रज़ियल्लाहु अन्हु- कहते हैं कि मैंने अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि
व सल्लम) को कहते हुए सुनाः नुबुव्वत में से केवल शुभ सूचनाएँ बाकी रह गई हैं। सहाबा
ने कहाः ऐ अल्लाह के रसूल! शुभ सूचनाएँ क्या हैं? फ़रमायाः अच्छा स्वप्न।
[सह़ीह़] [इसे बुख़ारी ने रिवायत किया है।]

अल्लाह के नबी -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने इस हदीस में बताया है कि अच्छे स्वप्न शुभ सूचना देने वाली चीज़ें और वह्य का सिलसिला बंद होने के बाद शेष रहने वाले नबूवत के आसार में से है। अब आने वाले समय में क्या कुछ होने वाला है, उसे जानने का एकमात्र साधन अच्छे स्वप्न हैं।

http://sunnah.global/hadeeth/hi/show/3795